मा.ब्यू. भारतीय मानक ब्यूरो
Bureau of Indian Standards

# आईएस 4250:1980 के अनुसार घरेलू विद्युतीय खाद्य मिक्सर (लिक्विडाइजर और ग्राइंडर) और अपकेंद्री जूसर के लिए उत्पाद मैनुअल

इस उत्पाद नियमावली का उपयोग सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों और लाइसेंसी द्वारा संदर्भ सामग्री के रूप में किया जाएगा ताकि विभिन्न उत्पादों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की स्कीम -1 (अनुरूपता मूल्यांकन) विनियम, 2019 के तहत प्रमाणन के प्रचालन रीति में सुसंगति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस दस्तावेज का उपयोग बीआईएस प्रमाणीकरण लाइसेंस/ प्रमाणपत्र प्राप्त करने के इच्छुक भावी आवेदकों द्वारा भी किया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **उत्पाद** | : | आईएस 4250: 1980 |
| | **शीर्षक** | : | घरेलू विद्युतीय खाद्य मिक्सर (लिक्विडाइजर और ग्राइंडर) और अपकेंद्री जूसर के लिए उत्पाद मैनुअल |
| | **संशोधनों की संख्या** | : | 10 |
| **2. नमूने लेने के दिशा-निदेश** | | | |
| क) | **कच्ची सामग्री** | : | - |
| ख) | **समूहीकरण के दिशा-निदेश** | : | कृपया अनुलग्नक - क देखें |
| ग) | **नमूने का आकार** | : | 1 पीस |
| 3. | **परीक्षण उपकरणों की सूची** | : | कृपया अनुलग्नक - ख देखें |
| 4. | **परीक्षण और निरीक्षण की योजना** | | कृपया अनुलग्नक - ग देखें |
| 5. | **एक दिन में किए जाने वाले संभावित परीक्षण** | | कृपया अनुलग्नक - घ देखें |

| **6. लाइसेंस का विषयक्षेत्र :** | |
|---|---|
| उत्पाद का नाम | घरेलू विद्युतीय खाद्य मिक्सर |
| कार्य | लिक्विडाइजर/ग्राइंडर/अपकेंद्री जूसर |
| रेटित इनपुट(वाटेज) | |
| अनुमत वोल्टता | |

| | |
|---|---|
| प्रत्येक कार्य के लिए अनुमत क्षमता | |
| सामान्य लोड(पाक अवधि के संदर्भ में) | |
| टाइम रेटिंग | सतत/अल्पावधि(समय पर)/आंतरायिक(समय पर, ऑफ टाइम) |
| साधित्र के वर्ग | I/II |
| विद्युतरोधन वर्ग | |
| निश्चित कार्य के लिए उपयुक्तता/अनुपयुक्तता | |

**भारतीय मानक ब्यूरो**
**मानक भवन, 9, बहादुर शाह जफर मार्ग,**
**नई दिल्ली - 110002**

## अनुलग्नक - क

## समूहीकरण के दिशा-निदेश

1 (क). घरेलू विद्युतीय खाद्य मिक्सर के प्रत्येक किस्म के नमूने का परीक्षण निम्नलिखित को ध्यान में रखकर किया जाएगा :

i. अनुमत वोल्टता
ii. रेटित इनपुट(वोटज)
iii. कार्य(लिक्विडाइजर/ग्राइंडर/अपकेंद्री जूसर)
iv. अनुमत क्षमता(कार्य के लिए)
v. सामान्य लोड(पाक अवधि के संदर्भ में)
vi. टाइम रेटिंग
vii. साधित्र के वर्ग
viii. विद्युतरोधन वर्ग

1 (ख). अन्य सभी मानदंड समान रहेंगे, सभी अपेक्षाओं के लिए एक किस्म का परीक्षण किए जाने पर निम्नलिखित छूट दी जा सकती है:

i. रेटित इनपुट की रेज को शामिल करने के लिए, न्यूनतम और अधिकतम वाट क्षमता के नमूनों का परीक्षण किया जाए।
ii. यदि किसी विशिष्ट कार्य (लिक्विडाइज़र/ग्राइंडर/अपकेंद्री जूसर) की उच्च क्षमता का परीक्षण किया जाता है, तो कम क्षमता को शामिल किया जाए।
iii. यदि उच्च सामान्य लोड का परीक्षण किया जाता है, तो कम सामान्य लोड को शामिल किया जाए।
iv. यदि उच्च टाइम रेटिंग का परीक्षण किया जाता है, तो कम टाइम रेटिंग को शामिल किया जाए।

2. फर्म उन किस्मों की घोषणा करेगी जिन्हें वे लाइसेंस में शामिल करना चाहती है। विनिर्माता की विनिर्माण और परीक्षण क्षमताओं के आधार पर लाइसेंस के कार्यक्षेत्र को सीमित किया जा सकता है।

3. लाइसेंस के प्रचालन के दौरान, शाखा कार्यालय यह सुनिश्चित करेगी कि लाइसेंस में शामिल सभी किस्मों का परीक्षण यथा संभव बारी-बारी से किया जाए।

## अनुलग्नक ख

## परीक्षण उपस्करों की सूची

***भारतीय मानक के अनुसार परीक्षण के लिए अपेक्षित प्रमुख परीक्षण उपस्कर***

| क्र. सं. | परीक्षण उपस्कर | संदर्भ खंड में प्रयुक्त परीक्षण |
|---|---|---|
| 1 | संयुक्त और असंयुक्त परीक्षण फिंगर के साथ अभिगम्यता परीक्षण पैनल | बिजली प्रघात से सुरक्षा, खंड 8 |
| 2 | बॉक्स के साथ सिल्वर का तार, वोल्टमीटर, वॉटमीटर और विभिन्न ऑटो ट्रांसफॉर्मर, सामान्य लोड प्रदान करने के लिए उपभोज्य | प्रारंभ, खंड 9, इनपुट परीक्षण खंड 10, |
| 3 | तापमान सूचक, थर्मोकप्ल युग्म, स्नेहक तेल/ कागज की लुगदी, परीक्षण कॉर्नर | तापमान में वृद्धि खंड 11 |
| 4 | क्षरण धारा परीक्षक | क्षरण धारा खंड 13 |
| 5 | तापमान और आर्द्रता सूचक के साथ आर्द्रता चैंबर | आर्द्रता प्रतिरोध, खंड 15 |
| 6 | उच्च वोल्टता परीक्षण पैनल, मैगर | संचालित तापमान पर इलैक्ट्रीक सामर्थ्य और विद्युतरोधिता प्रतिरोधन (खंड 16) |
| 7* | सह्याता परीक्षण पैनल, प्रोग्रामेबल ऑन-ऑफ टाइमर, कृत्रिम भार | सह्यता परीक्षण खंड 18 |
| 8 | रोटर को लॉक करने की सुविधा | असामान्य प्रचालन, खंड 19.1 |
| 9 | परीक्षण पैनल के साथ इंक्लिनेशन प्लेन | स्थिरता और यांत्रिक जोखिम से खतरा खंड 20 |
| 10 | स्प्रिंग संघट्ट उपकरण और फिंगर नेल | यांत्रिक सामर्थ्य खंड 21 |
| 11 | वर्नियर कैलिपर, माइक्रोमीटर, मापन टेप कोर्ड एनकॉरेज टेस्टर - पुल और टॉर्क के लिए | आपूर्ति संयोजन और बाह्य लचीली केबल और कोर्ड, खंड 25<br>स्क्रू और संयोजन, खंड 28<br>विद्युतरोधन के माध्यम से विसर्पण दूरी मुक्तांतर और दूरी, खंड 29 |
| 12 | भूप्रतिरोधी परीक्षण उपकरण टॉर्क पेंचकस | भू-संपर्कन के लिए प्रावधान खंड 27 |
| 13 | ग्लो वायर परीक्षण उपकरण, बॉल प्रेशर उपकरण, तापमान नियंत्रण के साथ तापन ओवन | ताप, अग्नि और ट्रैकिंग का प्रतिरोधन, खंड 30 |
| 14 | तापमान और आर्द्रता नियंत्रक के साथ आर्द्रता चैंबर मापन सिलेंडर 500 मिली | जंग से प्रतिरोधिता, खंड 31 |

| | | |
|---|---|---|
| | अमोनियम क्लोराइड, कार्बन टेट्राक्लोराइड, आसुत जल | |
| 15 | कॉफी के बीज, उड़द की दाल, उबले चावल, अंडे, स्टॉप वॉच<br>मापन जार, छलनी सेट 710,500, 355,1000,1400 माइक्रोन, भार संतुलन | प्रचालानत्मक परीक्षण, खंड 34 |
| 16 | वोल्टमीटर, एमीटर, मोटर को स्टॉल करने की व्यवस्था | नियंत्रण के लिए परीक्षण, खंड 36 |
| 17 | तप्तप्लेट | कटोरा के लिए तापमान सहन परीक्षण (खण्ड 35) |
| 18 | कटोरा एसेंबली पर बल लगाने की व्यवस्था | एसेंबली का सामर्थ्य, खंड 37 |
| 19 | एयर कंडीशनर | परिवेश ताप को बनाए रखना |

*संशोधन 10 के द्वारा परीक्षण को स्थगित रखा गया।

उपरोक्त सूची केवल सांकेतिक है और इसे संपूर्ण न माना जाए।

## अनुलग्नक ग

## निरीक्षण और परीक्षण की योजना

1. **प्रयोगशाला**- एक प्रयोगशाला का रख-रखाव किया जाएगा जो उपयुक्त रूप से सुसज्जित और कर्मचारी होंगे (तालिका 1 के कॉलम 2 में दी गई अपेक्षा के अनुसार), विशिष्टि में दिए गए विभिन्न परीक्षण विशिष्टि में दी गई विधि के अनुसार किए जाएंगे।

1.1 विनिर्माता परीक्षण उपकरणों के लिए एक अंशाधन योजना तैयार करेगा।

2. **परीक्षण रिकॉर्ड** -विनिर्माता अनुरूपता स्थापित करने के लिए किए गए परीक्षणों के लिए परीक्षण रिकॉर्ड बनाएगा।

3. **लेबलिंग और मुहरांकन** - भा.मा. 4250:1980 की अपेक्षाओं के अनुसार।

4. **नियंत्रण इकाई** - एक दिन में निर्मित एक ही प्रकार (कार्यात्मकता) और रेटिंग (वोल्टता, वाट क्षमता, क्षमता) के सभी फूड मिक्सर (लिक्विडाइज़र और ग्राइंडर और अपकेंद्री जूसर) एक नियंत्रण इकाई का गठन करेंगे।

5. **नियंत्रण का स्तर** - तालिका 1 के कॉलम 1 में यथाइंगित ऐसे परीक्षण और तालिका 1 के कॉलम 3 में नियंत्रण के स्तर, फैक्ट्री के पूरे उत्पादन पर किए जाएंगे जो इस योजना के अंतर्गत आते हैं और उपरोक्त पैराग्राफ 2 के अनुसार उचित रिकॉर्ड रखा जाएगा।

6. **अस्वीकृति** - गैर-अनुरूपता वाले उत्पाद का निपटान इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि भा.मा. अधिनियम, 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन न हो।

तालिका 1

| (1) | | | | (2) | (3) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षण का विवरण | | | | अपेक्षित परीक्षण उपकरण अ.:अपेक्षा(या) उ:उपअनुबंध की अनुमति | नियंत्रण के स्तर | |
| खंड | अपेक्षा | परीक्षण पद्धति | | | नमूनों की संख्या | आवृति |
| | | खंड | संदर्भ | | | |
| 8 | बिजली प्रघात से सुरक्षा | 8 | भा.मा. 302-1 | अ. | प्रत्येक मिक्सर | |
| 13 | उच्च वोल्टता परीक्षण | 13 | | अ. | प्रत्येक मिक्सर | |
| 27 | भू-संपर्कन के लिए प्रावधान | 27 | | अ. | प्रत्येक मिक्सर | |
| 38.3 | सामान्य रूप से किए जाने वाला परीक्षण | 38.3 | | अ. | प्रत्येक मिक्सर | |
| 13 | प्रचालित तापमान पर रिसाव करंट और विद्युतीय प्रतिरोधिता | 13 | | अ. | एक | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | विद्युतरोधन प्रतिरोधिता और विद्युतीय सामर्थ्य | 16 | | अ. | एक | प्रत्येक नियंत्रण यूनिट |
| 10 | इनपुट | 10 | भा.मा. 4250 | अ. | | |
| 34 | प्रचालानात्मक परीक्षण | 34 | | उ. | एक | प्रत्येक प्रकार और रेटिंग के लिए महीने में एक बार |
| 15 | आर्द्रता प्रतिरोधिता | 15 | | उ. | | प्रत्येक रेटिंग के लिए माह में एक बार |
| 35 | कटोरे के लिए तापमान सहन परीक्षण | 35 | | उ. | एक | प्रत्येक रेटिंग के लिए माह में एक बार |
| 11 | तापमान बढ़ना | 11 | | उ. | | |
| 36 | नियंत्रण के लिए परीक्षण | 36.1 | | उ. | | |
| 9 | स्टार्टिंग | 9 | | उ. | | |
| 20 | स्थायित्व और यंत्रिक जोखिम | 20.1 | | उ. | एक | प्रत्येक रेटिंग के लिए वर्ष में एक बार |
| 18 | सहयता | 18 | | उ. | | |
| 33 | फिनिश | 33 | भा.मा. 302-1 | उ. | | |
| 21 | यांत्रिक सामर्थ्य | 21 | | उ. | | |
| 37 | एसेंबली का सामर्थ्य | 37 | भा.मा. 4250 | उ. | | |
| 30 | तापन अग्नि और ट्रैकिंग से प्रतिरोधिता | 30.1, 30.2 | भा.मा. 302-1 | उ. | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | आपूर्ति कनेक्शन और बाह्य नम्य केबल और कोर्ड | 25 | भा.मा. 4250 | उ. | | |
| 28 | पेंच और कनेक्शन | 28 | | उ. | | |
| 29 | विद्युतरोधन के माध्यम से विसर्पण दूरी, मुक्तांतर और दूरी | 29 | | उ. | | |
| 19 | असामान्य प्रचालन | 19.1 | | उ. | | |
| 14 | रेडियो और टेलीविजन अंतर्पृष्ठ अवरोध | 14 | | उ. | | |
| 23 | आंतरिक वयरिंग | 23 | | उ. | | |
| 26 | बाह्य चालकों के लिए अंतस्थ | 26 | | उ. | | |
| 31 | जंग से प्रतिरोधिता | 31 | भा.मा. 4250 | उ. | एक | वर्ष में एक बार |

* संशोधन 10 के अनुसार परीक्षण को स्थगित रखा गया ।

नोट -1 : ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या ब्यूरो द्वारा सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाओं के लिए उप-संविदा की अनुमति है।

नोट -2 : कॉलम 3 में दिए गए नियंत्रण स्तर अनिवार्य प्रकृति के हैं।

## अनुलग्नक घ

## एक दिन में किए जाने वाले संभावित परीक्षण

क. बिजली प्रघात से सुरक्षा (खंड 8)

ख. इनपुट (खंड 10)

ग. प्रचालित तापमान पर करंट का रिसाव और विद्युतीय प्रतिरोधिता (खंड 13)

घ. भू-संपर्कन के लिए प्रावधान (खंड 27)

ङ. विद्युतरोधन प्रतिरोधिता और विद्युतीय सामार्थ्य (खंड 16)

च. उच्च वॉल्टता (खंड 13)

छ. कटोरे के लिए तापमान सहन परीक्षण (खंड 35)

ज. स्थायित्व और यंत्रिक जोखिम (खंड 20.1)

झ. नियंत्रण के लिए परीक्षण (खंड 36.1)

ञ. स्टार्टिंग (खंड 9.3)

**नोट: इस उत्पाद मैनुअल के हिंदी पाठ की व्याख्या/विवेचन में अतंर की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**